# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज

# बिजनौर–(उ0प्र0)

## प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक का

## कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| ➢ **बैठक संख्या** | ग्यारहवीं |
| ➢ **दिनांक** | 29 दिसम्बर, 2020 |
| ➢ **समय** | 11:00 बजे (पूर्वाह्न) |
| ➢ **माध्यम** | ऑनलाइन |



Scanned with CamScanner

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की ऑनलाइन ग्यारहवीं बैठक दिनांक 29.12.2020 पूर्वाह्न 11:00 बजे, मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीयिरिंग कालेज, बिजनौर की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुई।

ऑनलाइन प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक में उपरिथत मा0 अध्यक्ष महोदय, एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री कुलदीप जैन,<br>माननीय अध्यक्ष महोदय,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर। | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीमती एस. राधा चौहान<br>अपर मुख्य सचिव महोदया,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन,<br>लखनऊ। | **उपाध्यक्ष** |
| 3 | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति,<br>ए0के0टी0यू0, लखनऊ,<br>उत्तर प्रदेश। | सदस्य |
| 4 | प्रो. अजय सिंह जेठू,<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एम.एन.आई.टी,<br>जयपुर। | सदस्य<br>(ए.आई.सी.टी.ई नामित) |
| 5 | प्रो0 के0 एस0 वर्मा,<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>के0एन0आई0टी0,<br>सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 6 | प्रो0 विपुल रस्तोगी,<br>भौतिकी विज्ञान विभाग,<br>आई.आई.टी.,रूड़की, | सदस्य<br>(नामित, निदेशक, आई.आई.टी.,रूड़की) |



Scanned with CamScanner

7 प्रो0 बी0के0त्रिपाठी
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,
बिजनौर। — सदस्य सचिव

**अपिहार्यकारणवश निम्न मा0 सदस्यगण ऑनलाइन बैठक में उपस्थित नही हुये—**

1 प्रमुख सचिव महोदय,
वित्त विभाग,
उत्तर प्रदेश, शासन,
लखनऊ। — सदस्य

2 निदेशक,
आई0आई0टी,
कानपुर। — सदस्य

3 निदेशक,
तकनीकी शिक्षा निदेशालय,
विकास नगर, कानपुर — सदस्य

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की यह ऑनलाइन बैठक माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के निर्देश पर आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदया एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का ऑनलाइन माध्यम से स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।



Scanned with CamScanner

**11.01 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की सप्तम् बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की सप्तम् बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त पुष्टि की गई।

**11.02 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की सप्तम बैठक में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद की सप्तम् बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। तथा परिषद के सभी मा0 सदस्यों द्वारा सप्तम् बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया।

**11.03 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की अष्ठ्म बैठक (बाई र्सकुलेशन) के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की अष्ठम बैठक (बाई र्सकुलेशन) के अनुमोदित कार्यवृत्त पर मा0 परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त पुष्टि की गई।

**11.04 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की अष्ठ्म बैठक (बाई र्सकुलेशन) में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद की अष्ठम् बैठक (बाई र्सकुलेशन) में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। तथा कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद के सभी मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

**11.05 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की नवम् बैठक (बाई र्सकुलेशन) के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की नवम् बैठक (बाई र्सकुलेशन) के अनुमोदित कार्यवृत्त पर मा0 परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त पुष्टि की गई।

**11.06 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की नवम् बैठक (बाई र्सकुलेशन) में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद की नवम् बैठक (बाई र्सकुलेशन) में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। तथा कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद के सभी मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।



Scanned with CamScanner

**11.07 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दसवीं बैठक (बाई र्सकुलेशन) के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की दसवीं बैठक (बाई र्सकुलेशन) के अनुमोदित कार्यवृत्त पर मा0 परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त पुष्टि की गई।

**11.08 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दसवीं बैठक (बाई र्सकुलेशन) में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद की दसवीं बैठक (बाई र्सकुलेशन) में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। तथा कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद के सभी मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

**11.09 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की सम्पन्न सातवीं बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो एवं अन्य क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 16.02.2020 को सम्पन्न सप्तम् बैठक के बाद संस्थान में हुये क्रिया–कलाप : शोध पत्र (डा0 हेमन्त कुमार, सहायक आचार्य, आर.ई.सी बिजनौर तथा प्रो. बिपिन कुमार त्रिपाठी, निदेशक, आर.ई.सी बिजनौर), पेटेन्ट (श्री पारितोष शर्मा, सहायक आचार्य, आर.ई.सी बिजनौर), प्रोजक्ट (Meity) (डा0 नवनीत कुमार तथा श्री अभिषेक कुमार, सहायक आचार्य, आर.ई.सी बिजनौर), परीक्षा फल (सत्र 2019–20), सेवायोजन की स्थिति एवं प्रवेश की स्थिति (सत्र 2020–21) से परिषद अवगत हुई। इसके अतिरिक्त संस्थान में दिनांक 16.06.2020 को दसवीं वित्त समिति की बैठक एवं उसके कार्यवृत्त से अवगत होते हुये मा0 परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। परिषद द्वारा संस्थान में पिछले तीन वर्षो में हुये सेवायोजन के विवरण को शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये, जिसपर कार्यवाही की जा रहीं है।

**11.10 संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संचालित गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन।**

TEQIP-III परियोजना के अन्तर्गत माह दिसम्बर तक हुयी समस्त विभिन्न गतिविधियों (बिन्दु सं. **11.10.01, 11.10.02, 11.10.03 तथा 11.10.04**) से परिषद अवगत होते हुए, कार्यो एवं गतिविधियों पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

**11.11 ऑनलाइन माध्यम से बैठक व एकेडमिक गतिविधियों के मानदेय पर अनुमोदन।**

ऑफलाइन माध्यम से आयोजित बैठक एवं एकेडमिक गतिविधियों के तरह ही निर्धारित मानदेय, ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक एवं एकेडमिक गतिविधियों के लिये भी मानदेय देने से परिषद अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया।



Scanned with CamScanner

**11.12 निदेशक पद के चयन हेतु विज्ञापन एवं निदेशक के वर्तमान कार्यकाल के उपरान्त निदेशक पद पर कर्तव्य निर्वाहन के सम्बन्ध में।**

उ0प्र0 शासन के पत्र सं. 16–1099/658/2020 के क्रम में, आर.ई.सी. बिजनौर में निदेशक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन सर्वाधिक प्रसार वाले दो हिन्दी एवं दो अंग्रजी समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करने तथा निदेशक पद हेतु अभ्यर्थियों की योग्यता व अनुभव ए.आई.सी.टी.ई. के दि. 01.03.2019 के रेगुलेशन (समय–समय पर अमेन्डमेन्ट सहित) के आधार पर विज्ञापित किये जाने से अवगत होते हुये परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। निर्देश दिये कि निदेशक पद के चयन हेतु कार्यवाही शीध्र सम्पन्न की जाये। उ0प्र0 शासन के पत्र सं. 1820/सोलह–1–2020 दि. 14.12.2020 के अनुपालन में अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर के कार्यालय आदेश आर.ई.सी/कैम्प/बी.ओ.जी/बिजनौर/2020–529 दि. 15.12.2020 द्वारा वर्तमान निदेशक प्रो. बिपिन कुमार त्रिपाठी को दि. 27.01.2021 (वर्तमान कार्यकाल) के उपरान्त, अगले निदेशक के चयन होने तक या दि. 27.04.2021 तक, आर.ई.सी. बिजनौर में निदेशक के पद के कर्तव्यों का निर्वाहन करने हेतु निर्देशित करने से परिषद अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**07.13 डी0डी0यू0–क्यू0आई0पी0 योजना में किये गये परिवर्तन की सूचना एवं अनुमोदन।**

ए.के.टी.यू.,लखनऊ की दिनांक 26.08.2020 को सम्पन्न बैठक में सक्षम स्तर (डीडीयू–क्यूआईपी समिति, एकेटीयू, लखनऊ) द्वारा पूर्व में स्वीकृत गतिविधियों/कार्यो में परिर्वतन करने से परिषद अवगत हुयी। डीडीयू–क्यूआईपी समिति, एकेटीयू, लखनऊ द्वारा आर.ई.सी. बिजनौर हेतु अनुमोदित, दिनांक 26.08.2020 के कार्यवृत्त पर मा0 परिषद द्वारा सम्यकविचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

**अन्त में बैठक मा0 अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।**

(प्रो0 बी0के0 त्रिपाठी)
निदेशक एवं
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(श्री कुलदीप जैन)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद, रा.इ.का., बिजनौर।



Scanned with CamScanner